समाचार

# 02 जून को वार्ड क्र. 02, 11, 21, 34, 41, 49, 55, 62 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 01 जून 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 02 जून बुधवार को वार्ड क्र. 02, 11, 21, 34, 41, 49, 55, 62 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 1069 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 50465 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 02 जून बुधवार को वार्ड क्र. 02 सामुदायिक भवन तुलसीनगर, वार्ड क्र. 11 लक्ष्मणबन काली मंदिर रोड, वार्ड क्र. 21 बुधवारी गणेश पण्डाल दशहरा मैदान, वार्ड क्र. 34 पुराना रिसदा सामुदायिक स्टेज, वार्ड क्र. 41 परसाभांठा कांजी हाउस के पास सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 49 अगारखार, वार्ड क्र. 55 रक्सीपारा सांस्कृतिक मंच एवं वार्ड क्र. 62 नरईबोध स्कूल के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी।